सराहनीय कार्य

जनपद-बस्ती

दिनांक-15.09.2023

थाना कोतवाली पुलिस, स्वाट टीम व SOG टीम के संयुक्त कार्यवाही में लूट के 09 पीली धातु के गहने, 12250 रुपए नगद, दो अदद मोबाइल फोन व घटना प्रयुक्त किए गए लोहे का सब्बल के साथ वांछित 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक बस्ती के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस, स्वाट टीम व SOG टीम के संयुक्त कार्यवाही में मुखबिर खास की सूचना पर थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 298/23 धारा 34, 307, 342, 394 सपठित धारा 397, 411, 455 IPC में वांछित 02 अभियुक्तों को आज दिनांक 15.09.2023 को समय करीब 9.10 बजे थाना क्षेत्र के अमहट पुल के पास से गिरफ्तार कर, लूट के सामान व पैसे बरामद कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

01- रामदेव यादव उर्फ प्रिंस पुत्र छिनमिन निवासी ग्राम महरीपुर थाना नगर जनपद बस्ती ।
02- राजेश पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम करमा थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती ।

बरामदगी का विवरण–

1. लूट के 9 अदद पीली धातु के गहने,
2. 12250 रुपए नगद,
3. दो अदद मोबाइल फोन व
4. घटना प्रयुक्त किए गए 01 लोहे का सब्बल |

गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास-

A- अभियुक्त रामदेव यादव उर्फ प्रिंस पुत्र छिनमिन-

1. मु0अ0सं0-860/2008 धारा 302 IPC थाना कोतवाली जनपद बस्ती
2. मु0अ0सं0-48/2009 धारा ¾ गुण्डा नियंत्रण अधी0 थाना नगर जनपद बस्ती
3. मु0अ0सं0 298/2023 धारा 34/307/342/394/ 397/411/455 IPC थाना कोतवाली जनपद बस्ती।

B. अभियुक्त राजेश उर्फ राजू पुत्र दुर्गा प्रसाद (HS NO 47 A थाना पुरानी बस्ती)-

1. मु0अ0सं0 2144/08 धारा 380/411 Ipc थाना कोतवाली बस्ती
2. मु0असं0 2118/08 धारा 457/380/411 IPC थाना कोतवाली बस्ती
3. मु0अ0सं0 2120/08 धारा 457/380/411 IPC थाना कोतवाली बस्ती
4. मु0अ0सं0 2122/08 धारा 457/380/411 IPC थाना कोतवाली बस्ती
5. मु0अ0सं0 2144/08 धारा 380/411 IPC थाना कोतवाली बस्ती
6. मु0अ0सं0 121/09 धारा 3(1) यू0पी0 गैगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली बस्ती
7. मु0अ0सं0 140/09 धारा 110 G द0प्र0सं0 थाना कोतवाली बस्ती

8. मु0अ0सं0 38/09 धारा 401 Ipc थाना पुरानी बस्ती जनपद बस्ती
9. मु0अ0सं0 778/2010 धारा 110 G द0प्र0सं0 थाना पुरानी बस्ती
10. मु0अ0सं0 1721/2010 धारा ¾ गुण्डा एक्ट थाना पुरानी बस्ती
11. मु0अ0सं0 195/2023 धारा 379/411 IPC थाना कप्तानगंज बस्ती
12. मु0अ0सं0 298/2023 धारा 34/307/342/394/ 397/411/455 IPC थाना कोतवाली जनपद बस्ती।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 11.09.2023 को थाना कोतवाली पर सुरेन्द्र मोहन वर्मा पुत्र स्व0 हरीशचन्द्र वर्मा निवासी रौता थाना कोतवाली जनपद बस्ती द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि प्रार्थी वकालत करता है तथा आज समय करीब 10.30 बजे कचहरी चले जाने के बाद उनकी पत्नी घर पर अकेली थी कि समय करीब 02 बजे दिन में दो लड़के मुंह पर कपड़ा बांध कर घर में घुस कर मेरी पत्नी के पेट में चाकू से वार किया तथा मुंह पे राड से मारकर घायल कर दिया तथा कान से बाली व पैर से बिछिया निकालकर पत्नी को बांधकर बाथरुम में बन्द कर घर के आलामारी व बक्सा से करीब 60,000 रुपये व जेवरात लेकर भाग गए।
जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 298/23 धारा 34,307,342,394 सपठित धारा 397,411,455 IPC थाना कोतवाली जनपद बस्ती IPC पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर आज दिनांक 15.09.2023 को समय करीब 9.10 बजे थाना क्षेत्र के अमहट पुल के पास से गिरफ्तार कर, लूट के सामान व पैसे बरामद कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया।

पूछताछ का विवरण-

पूछने पर अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि दिनांक 11/09/23 को रौता चौराहे के पास दोपहर में एक वकील जिनका नाम सुरेंद्र मोहन वर्मा है के घर में हम दोनों मिल कर लूट करने गए थे, वकील की पत्नी अकेली घर पर थीं उसने हमलोग का विरोध किया तो हम दोनो ने मिलकर उनकी पत्नी को सब्बल से मारे थे तथा बाथरूम में बंद करके घर में लूट किए थे जिनमे प्राप्त सामान को बेचने जा रहे रहे थे कि आप लोगों ने पकड़ लिया
रामदेव से कड़ाई से पूछने पर कि तुम वकील का नाम कैसे जानते हो बता रहा है कि साहब मैं पहले वकील साहब की गाड़ी चलता था। वकील साहब की पत्नी चलने में असमर्थ रहती हैं तथा वकील साहब सुबह कचहरी चले जाते हैं व शाम को घर आते हैं। इस बात कि मुझे जानकारी थी इसलिए मौका देखकर हम लोगों ने यह घटना कारित किया था। उक्त दोनों व्यक्तियों से और कड़ाई से मुकदमा वादी के घर से लूटे गए ₹ 60000 के बारे में पूछने पर दोनों व्यक्ति बता रहे हैं कि साहब वकील के घर से हम लोगों को लगभग ₹ 20000 मिले थे जिसमें से यह पैसा बचा है बाकी और हम लोग खाने पीने में खर्च कर दिए हैं।

गिरफ्तार/ बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

01. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विनय पाठक जनपद बस्ती |
02. एसओजी टीम प्रभारी उपनिरीक्षक गजेंद्र प्रताप सिंह जनपद बस्ती|
03. प्रभारी स्वाट टीम बस्ती उपनिरीक्षक उमाशंकर तिवारी जनपद बस्ती।
04. प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकांत जनपद बस्ती।
05. प्रभारी चौकी गाँधीनगर राकेश मिश्रा थाना कोतवाली जनपद बस्ती |
06- प्रभारी चौकी रोडवेज राहुल गुप्ता कांस्टेबल मनीष यादव का0 गौरव कुमार थाना कोतवाली जनपद बस्ती |
07. प्रभारी चौकी बड़ेबन शशिशेखर सिंह थाना कोतवाली जनपद बस्ती |
08. प्रभारी चौकी रौता रमेश यादव थाना कोतवाली जनपद बस्ती।
09. हे0का0 ज्वाला सिंह, आरक्षी अमरीश प्रजापति, आरक्षी मनीष यादव, आरक्षी गौरव थाना कोतवाली जनपद बस्ती जनपद बस्ती |
10. हे0का0 अनंत यादव, आरक्षी साजिद जमाल, आरक्षी गजेंद्र प्रताप सिंह आरक्षी देवेंद्र निषाद एसओजी टीम बस्ती।
11. का0 धर्मेन्द्र कुमार, का0 रमेश कुमार, का0 धीरज यादव, का0 अभिलाष सिंह व सुभेन्द्र तिवारी स्वाट टीम जनपद बस्ती।